# केन्द्रीय विद्यालय नगरोटा

## प्रेस विज्ञप्ति

केंद्रीय विद्यालय नगरोटा में 3 दिसम्बर, 2019 को वार्षिक उत्सव बड़े उत्साह और जोश के साथ मनाया गया lसांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति ने मंच पर इन्द्रधनुष के रंगों की छटा बिखेरी l ब्रिगेडियर ए. एस . बराड (विशिष्ट सेवा मैडल), बी.जी.एस (इन्फो सिस्टम), मुख्यालय 16 कोर व माननीय अध्यक्ष विद्यालय प्रबंधन समिति मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे l इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य, अभिवावक और छात्र उपस्थित रहे l मुख्य अतिथि के आगमन के साथ दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ l इस के बाद संस्कृत श्लोक , सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किये गए।

तदुपरांत श्री दीदार सिंह चहल, प्राचार्य के. वी. नगरोटा ने अतिथियों का स्वागत किया और विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत कियाl जिस में शैक्षणिक एव सह-पाठ्यचर्या गतिविधियों में विद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया ।

छात्रों ने समूह गीत, समूह नृत्य (तमिल ,डोगरी, कश्मीरी एवं हरियाणवी) , हिंदी और अंग्रेजी नाट्य मंचन और माइम के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। शैक्षणिक एवं सह-पाठयक्रमी गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों एवं शिक्षकों को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपने अभिवादन में मुख्य अतिथि ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों द्वारा प्रदर्शित नैतिक मूल्यों, आदर्शो तथा समसामयिक विषयों की सराहना की। उन्होंने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम और सह-पाठयक्रमी उपलब्धियों के लिए विद्यालय परिवार को बधाई दी और बच्चों के बीच नैतिक मूल्यों को विकसित करने में माता-पिता और शिक्षकों की भूमिका को निर्दिष्ट किया।

अंत में छात्रों द्वारा उत्कृष्ट श्रेणी का पंजाबी लोक नृत्य 'भांगड़ा' प्रस्तुत किया गया l श्रीमती रजनी बाला द्वारा अतिथियों , प्रतिभागियों , शिक्षिकों एव अभिभावकों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया l कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान के साथ हुआ l